फसल बीमा के खाते पर बकाया राशि

***27 डॉ. अभय सिंह यादव (नांगल चौधरी):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) रबी 2022 में सरसों की फसल के लिए महेंद्रगढ़ जिले में फसल बीमा के खाते पर किसानों को दी जाने वाली कुल बकाया राशि कितनी है; तथा

(ख) महेंद्रगढ़ जिले में किसानों को कुल बकाया राशि का भुगतान किस तारीख तक किए जाने की संभावना है?

जय प्रकाश दलाल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, हरियाणा

महोदय,

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पी .एम.एफ.बी.वाई) के तहत रबी 2022-23 में सरसों की फसल के लिए सभी क्लेमों की एवज में महेंद्रगढ़ के संबंधित किसानों को 6.75 करोड़ रुपये की पूर्ण राशि जारी कर दी गई है। इस संबंध में जिले में किसी भी किसान का कोई क्लेम बकाया नहीं है।